(घ) मुख्यतया मौसमी स्थितियों और गन्ने के अंतर्गत क्षेत्र में गन्ने की बजाय अन्य फसलों की पैदावार करने के कारण 1992–93 के मौसम के दौरान गन्ने की पैदावार में गिरावट आई थी। पिछले तीन मौसमों के दौरान गन्ने की खेती के अधीन क्षेत्र की स्थिति नीचे दी गई है :–

चीनी मौसम	गन्ने की खेती के अधीन क्षेत्र (लाख हेक्टेयर में)
1990–91	36.9
1991–92	37.9
1992–93 (अनन्तिम)	36.5

(ङ) गन्ने का सांविधिक न्यूनतम मूल्य निर्धारित करते समय गन्ना (नियंत्रण) आदेश, 1966 के खण्ड 3(1) में उल्लिखित निम्नलिखित तथ्यों की तरफ उचित ध्यान दिया जाता है :–

(1) गन्ने की उत्पादन लागत ;

(2) वैकल्पिक फसलों से उत्पादकों के लिए लाभ और कृषि वस्तुओं के मूल्यों की सामान्य प्रवृत्ति ;

(3) चीनी के उत्पादकों द्वारा गन्ने से तैयार की गई चीनी जिस मूल्य पर बेची जाती है;

(4) उपभोक्ताओं के लिए उचित दाम पर चीनी की उपलब्धता ;

(5) गन्ने से चीनी की रिकवरी।

चीनी की उत्पादन लागत गन्ने के वास्तव में अदा किए गए मूल्य और फैक्ट्री की तकनीकी-प्रबंधकीय कार्य कुशलता पर निर्भर करती है।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चीनी का मूल्य मांग और आपूर्ति जैसी विभिन्न बाजार शक्तियों पर निर्भर करता है।

(च) उपर्युक्त (ङ) की दृष्टि में प्रश्न ही नहीं उठता।

Recent price of sugar

4444. SHRI BRAHMADEO ANAND PASWAN: Will the Minister of FOOD be pleased to state:

(a) whether Government are considering a rise in the price of sugar before demand picks up during the coming festival season; if so, the reasons therefor;

(b) whether Government are also considering the extension of current month's quota till August, if so, the reasons therefor; and

(c) whether Government are considering to further reduce the free sale quota for the next month to around six lakh tonnes, if so, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF FOOD (SHRI KALPNATH RAI): (a) Under the present policy of partial control, the monthly release of free sale sugar is regulated in a judicious manner in order to maintain the price of sugar in the open market at a reasonable level to the consumer, and also to enable the producers to pay remunerative cane price to the growers. The releases during the festival months would be regulated accordingly.

(b) The quota for the month of August is valid up to 31-8-93.

(c) A quota of 6.20 lakh tonnes of free sale sugar has been released for internal consumption for the month of September, 1993.

चीनी का भंडार

4445. **श्री तो सुषमा स्वराज** : क्या खाद्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मई, जून, जुलाई तथा अगस्त माह के पहले सप्ताह में भी चीनी की कीमतों में वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि इन तीन महीनों के दौरान

सरकार के पास चीनी का पर्याप्त आरक्षित भण्डार मौजूद था तथा इस भण्डार में से चीनी की कुछ सीमित मात्रा ही बाजार में बिक्री हेतु रिलीज की गयी थी;

(ग) क्या यह भी सच है कि इस संबंध में सरकार द्वारा की गई कार्यवाही के बावजूद चीनी के मूल्य बढ़ते ही जा रहे हैं तथा उनमें कोई गिरावट नहीं आयी है ;

(घ) यदि हां, तो सरकार द्वारा चीनी के मूल्य कम करने के लिए खुले बाजार में बिक्री हेतु चीनी की ज्यादा मात्रा रिलीज नहीं किए जाने के क्या कारण हैं; और

(ङ) क्या यह भी सच है कि देश में इन तीन महीनों के दौरान ही त्यौहारों का मौसम शुरू होता है तथा चीनी की मांग बढ़ने लगती है और ऐसी स्थिति में जबकि आरक्षित भण्डार में पर्याप्त मात्रा में चीनी उपलब्ध है, बिक्री हेतु सीमित तथा अपर्याप्त मात्रा में चीनी रिलीज किये जाने के क्या कारण थे ?

खाद्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्प नाथ राय) : (क) से (घ) आंशिक नियंत्रण की वर्तमान नीति के तहत, खुली बिक्री की चीनी की रिलीज विवेकपूर्ण तरीके से विनियमित की जाती है जिससे उपभोक्ता के लिए खुले बाजार में चीनी का मूल्य उचित स्तर पर बनाए रखा जा सके तथा चीनी उत्पादक भी गन्ना उत्पादकों को गन्ने का लाभकारी मूल्य देने में सक्षम हो सकें। तदनुसार मई, जून और जुलाई के दौरान खुली बिक्री की चीनी के निम्नलिखित कोटे रिलीज किए गए थे :-

(मात्रा लाख टन में)

मास	वर्ष 1992 के दौरान	वर्ष 1993 के दौरान
मई	5.55	6.50
जून	5.75	6.75
जुलाई	5.75	6.30

इस प्रकार उक्त तीन महीनों के लिए खुली बिक्री की चीनी का कोटा पिछले वर्ष के इन्हीं महीनों के दौरान रिलीज किए गए कोटे से काफी अधिक था इसके परिणामस्वरूप चीनी का थोक बिक्री मूल्य सूचकांक जो मई, 1993 में 202.2 था वह जून, 1993 में घटकर 200.2 हो गया तथा इसके बाद जुलाई, 1993 में (3-7-1993 को) 201.6 हो गया। 7-8-1993 की स्थिति के अनुसार मूल्य सूचकांक दोबारा बढ़कर 202.2 हो गया। तदनुसार, अगस्त, 1993 के लिए 6.00 लाख टन मासिक कोटे के अतिरिक्त हाल ही में चीनी की 20,000 टन मात्रा और रिलीज की गई है।

(ङ) त्यौहारों आदि के लिए चीनी की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सरकार ने इन महीनों के दौरान पहले ही चीनी का अधिक कोटा रिलीज किया है जैसा कि उपर्युक्त से स्पष्ट होता है।

चीनी का निर्यात

4446. श्रीमती सुषमा स्वराज : क्या खाद्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने 5 लाख मीटरी टन चीनी का निर्यात करने का लक्ष्य निर्धारित किया था;